**बिहार सरकार**
**सहकारिता विभाग**

पत्रांक................................./पटना, दिनांक..........................................
**03/सह0ब0योजना (आवंटन)–02/2025**

प्रेषक,

**अभय कुमार सिंह,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**निबंधक,**
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2025–26 में 2,49,100 (दो लाख उनचास हजार एक सौ) मे0 टन भण्डारण क्षमता के सृजन हेतु 200 (दो सौ) मे0 टन, 500 (पाँच सौ) मे0 टन एवं 1000 (एक हजार) मे0 टन प्रति इकाई क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए समितियों को 50 (पचास) प्रतिशत अनुदान तथा 50 (पचास) प्रतिशत चक्रिय पूँजी के रूप में कुल रू0 1,07,25,00,000/–(एक अरब सात करोड़ पच्चीस लाख) रूपये के आवंटन के संबंध में।**

महाशय,

विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–267, दिनांक–30.07.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम अंतर्गत बिहार राज्य फसल सहायता योजनान्तर्गत राज्यांश मद में कॉलम–03 में अंकित राशि का आवंटन दिया जाता हैः–

| क्र॰ सं॰ | बजट शीर्ष | आवंटित राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | मांग संख्या–09 के अंतर्गत मुख्य शीर्ष–2425 सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–108–अन्य सहकारी समितियों को सहायता, उप शीर्ष–0114–गोदाम निर्माण हेतु सहकारी समितियों को अनुदान, विपत्र कोड–09–2425001080114, विस्तृत शीर्ष–31 सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–05–सहायक अनुदान–परिसम्पतियों के निर्माण | 83,85,00,000/– |
| 2. | मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425–सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उप शीर्ष–0102–गोदाम निर्माण हेतु सहकारी समितियों को अनुदान, विपत्र कोड– 09–2425007890102, विस्तृत शीर्ष–31–सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–05–सहायक अनुदान–परिसंपत्तियों के निर्माण। | 23,40,00,000/– |
| | **कुल** | **रू॰ 1,07,25,00,000/–(एक अरब सात करोड़ पच्चीस लाख)** |

2 उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–227/वि0, दिनांक–28.03.2025 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2025 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–235/वि0 दिनांक–01.04.2025 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561 दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3. आवंटित राशि का नियमानुसार व्यय करते हुए उक्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र महालेखाकार को उपलब्ध कराया सुनिश्चित करेंगे।

4. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

**(अभय कुमार सिंह),**

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–........................................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–44(अ०)/पटना, दिनांक–01/08/2025

प्रतिलिपिः– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना/उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/विभागीय आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

01.08.25

सरकार के अपर सचिव।